जाए कि उपभोक्ता के पास प्रमाणित स्टोव है।

डबल बाटल कनेक्शन की खरीद पर इंसटालेशन चार्ज

1453. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पिछले दो वर्षों से दिल्ली में इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के घरेलू गैस वितरक ग्राहकों द्वारा डबल बाटल कनेक्शन खरीदने पर उनसे 5 रुपये इन्सटालेशन चार्ज के रूप में वसूल कर रहे हैं जबकि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन के वितरक कोई "इन्सटालेशन चार्ज" वसूल नहीं करते हैं ;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" हो, तो ऐसे भेदभाव के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या वितरकों द्वारा ग्राहकों से वसूल किये गये इन्सटालेशन चार्ज को ग्राहकों को निकट भविष्य में लौटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और क्या सरकार निकट भविष्य में ऐसी विसंगतियों को दूर करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) जी हां।

(ख) और (घ) एक तेल कम्पनी से दूसरी तेल कम्पनी के परिचालनात्मक और व्यापारिक निर्णयों का भिन्न-भिन्न होना सामान्य है।

(ग) जी, नहीं।

खाना पकाने की घरेलू गैस की एजेंसिया और उनके द्वारा रिफिल्स की सप्लाई

1454. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय दिल्ली में (i) इंडियन आयल कारपोरेशन, (ii) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन, (iii) भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन द्वारा खाना पकाने की घरेलू गैस की कुल कितनी एजेंसियां चलायी जा रही हैं ;

(ख) उसके वितरकों के नाम क्या हैं और वे किन-किन स्थानों से कार्य कर रहे हैं ;

(ग) ग्राहकों को सप्लाई किये जाने हेतु प्रत्येक वितरक के पास कितने रिफिल पंजीकृत कराये गये हैं;

(घ) इस समय कितने रिफिल सप्लाई किये जा रहे हैं और कितने रिफिल की सप्लाई गत छः महीने से बद्ध हैं ;

(ङ) क्या सरकार इस संबंध में गोपनीय जांच करवाने का विचार रखती हैं ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) जी, हां। दिल्ली में कार्य कर रहे एल०पी०जी० वितरकों की कम्पनीवार संख्या निम्नलिखित है:—

इंडियन आयल कारपोरेशन .	112
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन	28
भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन .	31
	171